C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 5 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 17 जून 2026

तमन्ना, विजय और फातिमा को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### राज्य कर विभाग के 72 उपनलकर्मियों को झटका, सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

देहरादून। राज्य कर विभाग में तैनात उपनलकर्मियों के नियमितीकरण और सेवा संबंधी लाभों के मामले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। सरकार हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुज्ञा याचिका (एसएलपी) दायर करेगी। इसके लिए शासन ने तत्काल राज्य कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। आठ जून को शासन स्तर पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में न्याय विभाग, वित्त, राज्य कर, कार्मिक और सैनिक कल्याण विभाग के अपर सचिव व वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में हाईकोर्ट के विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के क्रियान्वयन और उपनल कर्मियों के प्रत्यावेदनों का निस्तारण करना था। विभाग के अंतर्गत कुल 37 रिट याचिकाओं के तहत 116 डेटा एंट्री ऑपरेटर आ रहे हैं, जिनमें से 105 कर्मियों ने सचिव के समक्ष अपने प्रत्यावेदन दिए थे।

### किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता, बरामदगी की गुहार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा क्षेत्र से एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। बेटी के अचानक गायब हो जाने से परिजन चिंतित हैं और उसकी तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने बनभूलपुरा पुलिस को तहरीर सौंप कर मदद की गुहार लगाई है। गफूर बस्ती वार्ड नंबर-24 निवासी गोपा पत्नी काली चरण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री रूकमणि (16 वर्ष) दो दिन पूर्व सुबह रोज की तरह काम पर जाने के लिए मीरा मार्ग, के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। मां का कहना है कि बेटी के अचानक लापता होने से परिवार बेहद परेशान और चिंतित है। उन्होंने पुलिस से किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसे जल्द से जल्द खोजने की मांग की है।

# राम मंदिर: दान चोरी के बाद बदली व्यवस्था, अब रोजाना हो रही कैश की गिनती

**अयोध्या** | एजेंसी

राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी के मामले के सामने आने के बाद मंदिर की चढ़ावा व्यवस्था चर्चा के केंद्र में है। हालांकि विवाद के बावजूद रामलला के चरणों में श्रद्धालुओं का चढ़ावा लगातार आ रहा है और उसकी नियमित गणना भी की जा रही है।



सूत्रों के अनुसार वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 18 से 20 लाख रुपये चढ़ावे के रूप में प्राप्त हो रहे हैं। मंदिर परिसर में निर्धारित स्थान पर प्रतिदिन चढ़ावे की गिनती कर धनराशि भारतीय स्टेट बैंक की निर्धारित शाखा में जमा कराई जा रही है। बीते 10 दिनों में लगभग दो करोड़ रुपये जमा होने की चर्चा है। जानकारी के अनुसार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ चढ़ावे में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। इसके चलते दानपात्रों की संख्या बढ़ाई गई और गणना व्यवस्था को भी विस्तार दिया गया। प्रारंभिक दौर में चढ़ावे की गिनती सप्ताह में एक बार होती थी, लेकिन बाद में इसे नियमित कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि चढ़ावे की गणना में बैंक कर्मचारियों के अलावा एक बाहरी एजेंसी के कर्मचारी भी लगाए गए थे। हाल में चढ़ावा चोरी के आरोपों में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, वे इसी व्यवस्था से जुड़े होने की चर्चा है। वर्तमान में गणना कार्य में बैंक के लगभग 14 कर्मचारी लगे हुए हैं।

चढ़ावा प्रकरण की जांच एसआईटी कर रही है। ऐसे में अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच में चढ़ावा गणना और उससे जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर क्या तथ्य सामने आते हैं। राम मंदिर में चढ़ावा और दानराशि से जुड़े कथित अनियमितता प्रकरण की जांच के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 19 जून को अयोध्या आगमन की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

बताया जा रहा है कि जन्मदिवस के अवसर पर अयोध्या में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें संत-धर्माचार्यों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं।

शाम में पीएम मोदी-ट्रंप की मुलाकात की योजना

# जी 7 शिखर सम्मेलन के बाद आज होंगी अहम द्विपक्षीय बैठकें

**नई दिल्ली** | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के एवियन में आयोजित जी7 देशों के सम्मेलन में मंगलवार को मजबूती से भारत का पक्ष रखा। आज सम्मेलन का दूसरा दिन है। जी7 देशों की बैठक से इतर आज कई कारोबारियों और कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से के साथ बातचीत निर्धारित है।





पीएम मोदी आज शाम करीब 6.15 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। जी7 सम्मेलन से इतर कई अहम द्विपक्षीय बैठकों का कार्यक्रम भी निर्धारित है। जी7 देशों के इस सम्मेलन में मेजबान फ्रांस के अलावा कनाडा, ब्रिटेन, इटली, यूएई समेत कई देश शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम करीब 6.15 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज फ्रांस के एवियन में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने पिछले वर्ष दोनों प्रधानमंत्रियों की पारस्परिक यात्राओं के बाद से भारत-ब्रिटेन संबंधों में आई मजबूत गति की समीक्षा की और व्यापार एवं आर्थिक विकास, रक्षा एवं सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और हरित ऊर्जा, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तथा शिक्षा एवं जन-संबंधों सहित विजन 2035 के सभी स्तंभों में हुई प्रगति का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में ब्रिटेन के सशक्त प्रतिनिधित्व के लिए प्रधानमंत्री स्टार्मर को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल के तहत हुई निरंतर प्रगति का स्वागत किया, जिसमें हाल ही में भारत-ब्रिटेन क्रिटिकल मिनरल्स ग्लोबल सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी का शुभारंभ भी शामिल है।

जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हम पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों में हुई प्रगति का स्वागत करते हैं। इस संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में हमारे मित्र देशों को जान-माल का नुकसान हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी क्षति पहुंची है।

# गृहमंत्री के हस्तक्षेप पर किशाऊ बांध परियोजना के लिए हिमाचल तैयार, उत्तराखंड को भी बड़ी राहत

**देहरादून** | हमारे संवाददाता

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत उत्तराखंड को ब्याजमुक्त ऋण मिलेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद आखिर वर्षों से लटकी किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना की राह खुल गई है। शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिमाचल सहमत हो गया। अब सभी हितधारक राज्यों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन होगा। किशाऊ को केंद्र ने राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया है। इसके जल घटक का 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। जबकि, 10 प्रतिशत खर्च हितधारक दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड और हिमाचल को वहन करना है। मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हुई बैठक में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के क्रियान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन के लिए सहमत हो गए। एमओयू होने के बाद किशाऊ परियोजना को अनुमोदन के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में हिमाचल प्रदेश के विद्युत घटक के हिस्से की लागत को साझा करने के एवज में हिमाचल प्रदेश के लिए आवंटित पानी को दिल्ली और राजस्थान को देने पर सहमति बनी। बैठक में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय जल शक्ति सचिव, विद्युत मंत्रालय के सचिव और हिमाचल एवं उत्तराखंड सरकारों के मुख्य सचिव एवं गृह मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए।

### उत्तराखंड को भी राहत, केंद्र से मिलेगा और पैसा

अपने हिस्से के घटक के बदले खर्च के मामले में उत्तराखंड को भी बड़ी राहत मिली है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत उत्तराखंड को ब्याजमुक्त ऋण मिलेगा। इससे उत्तराखंड के हिस्से में आने वाले खर्च का बोझ राज्य पर काफी कम हो जाएगा।

# चुनावी रणनीति पर मंथन करने आज दून पहुंचेंगी कांग्रेस प्रभारी

**देहरादून** | हमारे संवाददाता

कांग्रेस प्रभारी सैलजा एक बार फिर से दो दिवसीय दौर पर आज देहरादून पहुंच रही हैं। कांग्रेस भवन में सुबह से शाम तक बैठकों का दौर चलेगा। पार्टी वरिष्ठ नेताओं के एक-एक कर संगठनात्मक मुद्दों पर फीडबैक लेंगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को दून पहुंचेगी। कांग्रेस भवन में दो दिन चुनावी रणनीति पर मंथन करने के लिए बैठकों का दौर चलेगा। वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक-एक करके मुलाकात कर संगठनात्मक व चुनावी रणनीति पर फीडबैक लेंगी। आगामी चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति को धार देने के लिए प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा सक्रिय हैं। मई में गढ़वाल व कुमाऊं मंडल का पांच-पांच दिन का दौरा करने के बाद फिर से दो दिवसीय दौर पर वह दून आ रही हैं। प्रभारी सड़क मार्ग से देहरादून पहुंचकर कांग्रेस भवन में सबसे पहले जिला व महानगर कमेटियों के पदाधिकारियों की बैठक लेंगी। इसके बाद महिला, युवा कांग्रेस के अलावा अन्य अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चुनाव रणनीति व पार्टी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। शाम को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों, विधायकों के साथ एक-एक कर मिलकर चुनाव रणनीति पर फीडबैक व सुझाव लेंगी।

# महिला की मौत के बाद भड़के कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**रुद्रपुर** | हमारे संवाददाता

13 जून की रात्रि को नैनीताल हाईवे विशाल मेगा मार्ट के सामने स्थित रैलिंग कूदकर सड़क पार कर रही विमला नाम की महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। कांग्रेसियों ने कट खोलने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल्द कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर जनआंदोलन की चेतावनी दी है। 13 जून की रात्रि 9 बजे गांव खुरड़ी भिकियासैंण हाल निवासी सिविल लाइन की रहने वाली 29 वर्षीय महिला अपनी छह साल की बच्ची के साथ बहन के घर से लौट रही थी। महिला नैनीताल हाईवे विशाल मेगा मार्ट के सामने कट बंद होने के कारण



वह डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग से सड़क पार कर रही थी। अचानक महिला नीचे गिर गई और जेसीबी ने महिला को रौंद दिया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसा सोशल मीडिया में इतना वायरल हुआ कि कांग्रेस सहित स्थानीय लोगों में भी काफी रोष देखने को मिला।मंगलवार को कांग्रेस नेता संजय जुनेजा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हो कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रभारी कलेक्टर को सौंपा। उन्होंने बताया कि नैनीताल हाईवे स्थित बंद कट सिविल लाइन, डॉक्टर कॉलोनी के अलावा रविंद्रनगर और आवास विकास इलाके में चौतरफा संपर्क मार्ग है और कट बंद होने के कारण अक्सर लोग लंबा रास्ता घूम कर जाते हैं। यही कारण है कि जल्दी घर पहुंचने के चक्कर में विमला नाम की महिला की दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रशासन ने कट खुलवाकर छोटा सा रास्ता नहीं खोला और फुट ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं कराया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर पार्षद गौरव खुराना, पार्षद जितेश शर्मा,पार्षद इंद्रजीत सिंह,पार्षद गौरव गिरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली, सरोज शर्मा, अनंत विश्नोई, अर्जुन विश्वास, बाबू खान, मोहन कुमार, राकेश अधिकारी, जगदीश कर्मकार,राजू कोली,कमल चुघ, निशान शाही, राकेश कोली, सतनाम सिंह, विकास मल्लिक आदि रहे।

# आपदा एवं दीर्घकालिक समाधान विषयक कार्यशाला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

डा. आर.एस. टोलिया प्रशासन अकादमी नैनीताल में मंगलवार से हिमालय की आपदायें एवं दीर्घ कालिक समाधान के संबन्ध में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महानिदेशक बीपी पाण्डे आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में किया गया। प्रथम दिवस कार्यशाला में महानिदेशक आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने उत्तराखण्ड में पूर्व में घटित आपदाओं के संबन्ध में बताया कि वर्ष 2016 में 100 लोगों की मृत्यु आपदाओं के कारण हुई थी इसी प्रकार 2017 में 150 जबकि वर्ष 2020 में 130 तथा वर्ष 2021 में 204 की मृत्यु हो गई थी इसके साथ ही संपति एवं अवसंरचनाओं की अत्यधिक क्षति हुई। बताया इन आपदाओं के साथ ही जलवायु परिर्वतन, मौसम परिर्वतन की वजह से राज्य में वनाग्नि की घटनाएं निरंतर बढती जा रही है साथ ही शहरी खतरे भी बढते जा रहे हैं। उन्होंने बताया पर्यटन की दृष्टि से प्रतिवर्ष हजारों लोगों एवं वाहनों की आवाजाही से पानी की कमी से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ आरएस टोलिया प्रशासन अकादमी द्वारा आपदा प्रबंधन मे निरंतर क्षमता पर विकास किया जा रहा है। कार्यशाला में पद्मश्री अनूप साह ने हिमालयी में बढती हुई आपदाओं के लिए एक चिन्ता का विषय मौसम परिर्वतन व जलवायु परिर्वतन बताया। उन्होंने मौसम परिर्वतन, जलवायु परिर्वतन पर चर्चा करते हुए इनके न्यूनीकरण के उपायों पर गंभीरता से किये जाने पर बल दिया। अपर सचिव प्रकाश चन्द्रा ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मानसून से पूर्व तैयारी हेतु प्रत्येक विभाग को आपस में सहयोग एवं समन्वय होना आवश्यक है। उन्होंने धरातल पर कार्य करने वाले कार्मिकों एवं जनसमुदाय को जागरूक करने पर बल दिया। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक डा0. महेश कुमार ने तकनीकी सत्रों में जलवायु परिर्वतन ग्लेशियर पिघलने एवं पर्वतीय खतरों एवं संरचनाओं विकास, भूस्खलन, त्वरित बाढ़, भूकंप जैसी भयावह आपदाओं पर प्रकाश डाला और उचित समाधान के संबन्ध में चर्चा की। कार्यशाला में डा. अनिल कुमार गुप्ता आईआईटी रूडकी, डा0. अर्चना सरकार वैज्ञानिक डबलूआईजी, बीपी पाटनी एनएचपीसी, डा.0पवन कुमार एनडीएमए, प्रो0 सूर्य कुमार,डा0 बीपी पंत,डा0 भावेश पाण्डे तथा नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट के साथ ही विभागीय अधिकारियों के साथ ही वैज्ञानिक, प्रोफेसर, शोधकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित 120 प्रतिभागी उपस्थित रहे।





# श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में शुकदेव महाराज के जन्म की महिमा का वर्णन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के ऐतिहासिक श्री मां नयना देवी मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्देवी भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पर मंगलवार को कथा व्यास चंद्रशेखर अधिकारी ने व्यास जी के पुत्र परम वैरागी शुकदेव महाराज के जन्म की अलौकिक महिमा का बर्णन किया। उन्होंने जिन परिस्थितियों में कौरव और पांडवों के बीच महाभारत युद्ध हुआ उसका भी विस्तार से वर्णन किया। बता दें तीसरे पहर तेज वर्षा के बावजूद शाम को मौसम सुहावना होने के कारण बड़ी संखया में स्थानीय नागरिकों के अतिरिक्त पर्यटकों ने देवी माहत्म का आनंद लिया। कथा के बाद बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। यजमान मनोज चौधरी सपत्नीक बैठे। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, सचिव प्रदीप कुमार शाह, प्रधान आचार्य बसन्त बल्लभ पाण्डेय, चंद्रशेखर तिवारी, भुवन कांडपाल, गणेश बहुगुणा, नवीन चंद्र तिवारी, सुमन साह, अमिता साह, मंजू रौतेला, मीनू बुधलाकोटी, मुन्नी भट्ट, सुरेश मेलकानी, बसंत जोशी, बृज मोहन जोशी, राजीव दुबे सहित पदाधिकारी कर्मचारी व महिलाएं जुटी रही।

# मन्ना उस्ताद हॉकी कलब गौडा व मारकंडे हॉकी कलब शाहबाद जीते

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में चल रही 100वीं अखिल भारतीय ट्रेडर्स कप हॉकी प्रतियोगिता में मंगलवार को पहला मैच पोस्ट ऑफि स रिक्रीशन कलब मुंबई और मन्ना उस्ताद हॉकी कलब गौडा के मध्य खेला गया जिसमे 2-6 से जीत दर्ज की गौडा की टीम ने।

बता दें माध्यन्तर तक गौडा की टीम 4-0 से आगे थी, खेल के 3,6,16 व 23वें मिनट मे गौडा के आकाश ने गोल किये जबकि 39वें मिनट मे आशीष तथा 43वें मिनट मे दिव्यांशु ने गोल किया वहीं मुंबई की तरफ से 42 व 57वें मिनट मे अभिषेक ने गोल किये इस तरह ये मैच गोण्डा ने 2-0 से अपने नाम कर सेमी लीग मे प्रवेश किया।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच ऋषि मारकंडे हॉकी कलब शाहबाद और एनईआर वाराणसी के मध्य खेला गया जिसमें 4-0 से साहबाद ने जीत दर्ज कर सेमी लीग मे प्रवेश किया। माध्यन्तर तक साहबाद 2-0 से आगे थी, खेल के 15वें मिनट मे दीपक तथा 26वें मिनट नवीन,39वें मिनट मे सुनील मान और 54वें मिनट मे सौरभ ने एक एक गोल किये।अंपायर लाल खान, फैजान, माहेश्वर नेगी, मोहित रावत, मनीष द्विवेदी तथा उद्घोषक मनोज चौहान वहीं तकनिकी समिति राजेश साह, रोहित साह, दीपक साह, ललित साह, कैलाश बोरा, संजय गुप्ता और राजीव मल्होत्रा थे। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव चंद्र लाल साह, महासचिव मनोज जोशी, उपाध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट समेत पंकज बर्गली समेत डीएसए परिवार प्रतियोगिता को सफल बनाने में जुटा रहा।



## NEWS / फटाफट

### डीएसबी परिसर में ग्रीन मिशन हेतु पौधारोपण कार्यक्रम



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंगलवार को ग्रीन मिशन के लिए पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस विशेष मौके पर पंतनगर विश्वविद्यालय के एग्रोनॉमी विभाग के प्रो. सुजीत कुमार लवानिया ने पद्म का पौधा रोपा। बता दें प्रो. लवानिया डीएसबी परिसर के एलुमनी हैं । इस अवसर पर प्रो. लवानिया ने कहा कि पौधारोपण जीवन का सबसे सकारात्मक कार्य है । विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि पौधे जीवन में आनंद की अनुभूति देते हैं । इस मौके पर पद्म,बांज, पांगर, देवदार,तेज पत्ता, हाइड्रेंजिया के पौधे रोपित किए गए । पौधे रेंज ऑफिसर आनंद लाल आर्य द्वारा मुहैया कराए गए । इस मौके पर प्रो. सुजीत कुमार लवानिया को शॉल ओढाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सममानित किया गया । इस दौरान वानिकी विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष तिवारी,डॉ कुबेर गिनती,डॉ हिमानी कार्की,डॉ नंदन मेहरा,डॉ नवीन पांडे, शीतल कोरंगा,गोपाल बिष्ट ,लीला पंत व मोहित खाती ने पौधारोपण कर हरित आंदोलन को आगे बढ़ाया।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला पहुंचा कोतवाली

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंच गए। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने अलग.अलग समय पर पुलिस को शिकायत की है। जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर दो पक्षों के युवकों के बीच कहासुनी हुई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद के बाद एक पक्ष ने शाम के समय और दूसरे पक्ष ने सुबह कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। दोनों पक्षों ने एक.दूसरे पर मारपीट करने के आरोप लगाए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया था।

### रूसी बाइपास में पलटी कार, बाल बाल बचे कार सवार

**नैनीताल** । रूसी बाइपास में स्कूटी को बचाने के चलते एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि कार सवार बाल बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक रूसी निवासी रोहित संभल सात नंबर निवासी दो युवकों कृष्णा व आदित्य के साथ कार रूसी बायपास की ओर जा रही थी। इस दौरान उनकी कार के आगे एक स्कूटी आ गई। स्कूटी बचाने के लिए उसने सड़क के किनारे की ओर वाहन मोड़ दिया। जिससे उसकी कार का टायर नाले में घुसकर निकल गया और उसका वाहन बीच सड़क पलटकर सड़क की दूसरी ओर जा पहुंचा। वाहन के पलटने की आवाज पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवकों को कार से बाहर निकाल लिया।

### पुलिस से बचने हेतु युवा लगा रहे फोल्डिंग नंबर प्लेट

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की चेकिंग के दौरान फ ोल्डिंग नंबर प्लेट लगाकर नियमों से बचने की कोशिश कर रहे दो बाइक चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनकी बाइकें सीज कर दीं। पुलिस के अनुसार तल्लीताल में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान एक तेज रफतार बाइक को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस कर्मी बाइक का नंबर नोट नहीं कर सके क्योंकि वाहन के पीछे नंबर प्लेट दिखाई नहीं दे रही थी। इसी बीच एक अन्य तेज रफतार बाइक भी पुलिस के समीप से गुजरीए जिसमें भी पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस ने आगे जाकर दोनों बाइक को कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि दोनों बाइक सवारों की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन और भागने पर कार्रवाई करते हुए भवाली निवासी चालक मयंक के खिलाफ की कार्रवाई करते हुए बाइक व राजस्थान के भरतपुर निवासी दिलीप कुमार की बाइक को सीज कर दिया गया है।

# विभिन्न संगठनों ने नैनीताल में सौपा आईजी को ज्ञापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में विभिन्न संगठनों द्वारा श्रमिक संयुक मोर्चा उधमसिंह नगर के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह पर गुंडा एकट की कार्यवाही के खिलाफ पुलिस महानिरीक्षक कुमांऊ को ज्ञापन देकर तथा कमिश्नर कुमाऊं के समक्ष अपना पक्ष रखा तथा इस कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि यह मामला प्रतिशोध वश थोपा गया है। जिन मामलों का संज्ञान लेकर यह मामला बनाया गया है वे 2018 से 2022 तक के इंट्रारक कमपनी पंत नगर के मजदूर आंदोलन के दौरान के चार एफआईआर के हैं। इनमें से एक निरस्त हो चुका है एक पर उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश है। इन सभी में किसी पर भी गुण्डा एकट नहीं लागू हो सकता है क्योंकि सभी एफआईआर मजदूर आंदोलनों से संबंधित हैं। इस पर भी यह सभी मामले 4 से 8 साल पुराने हैं।



प्रतिनिधि मंडल ने जबरन थोपे गए इस मामले को तुरंत समाप्त करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल मे श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी, उत्तराखंड लोक वाहिनी के अध्यक्ष राजीव लोचन शाह, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष प्रभात ध्यानी, महासचिव दिनेश चंद्र उपाध्याय, भाकपा (माले) के नैनीताल नगर अध्यक्ष कैलाश चंद्र जोशी, समाजवादी लोक मंच से गिरीश आर्या, श्रमिक संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह, प्रचार मंत्री हरेन्द्र सिंह,सीएसटीयू के केंद्रीय महासचिव मुकुल, इंकालबी मजदूर केंद्र के कैलाश भट्ट, पहाड़ संस्था के सदस्य मनमोहन सिंह आदि शामिल थे।

# चाइना पीक पर अवैध व्यावसायिक गतिविधियां

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि ने नैनीताल के प्रसिद्ध और पारिस्थितिक रूप से बेहद संवेदनशील क्षेत्र चाइना पीक (नैना पीक) पर स्थित वन चौकी के भीतर चल रही अवैध व्यावसायिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

बता दें प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल को भेजे गए एक आधिकारिक पत्र में सदस्य सचिव ने बताया कि 14 जून 2026 को ट्रैकिंग के दौरान उन्होंने खुद देखा कि वन चौकी पर तैनात एक वन रक्षक वहां मैगी, प्लास्टिक की बोतलों में बंद पानी, कोल्ड ड्रिंकस और बिस्कुट जैसी चीजें बेच रहा था। पूछताछ करने पर वन रक्षक ने दावा किया कि उसके पास इसकी आधिकारिक अनुमति है जिसके बाद प्राधिकरण ने मामले की कानूनी और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि ऐसे संवेदनशील वन क्षेत्रों में पैकेज्ड उत्पादों की बिक्री से भारी मात्रा में प्लास्टिक और गैर बायोडिग्रेडेबल (नष्ट न होने वाला) कचरा जमा हो रहा है इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और यहां के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के बिगडने का खतरा बढ़ गया है। पत्र में जोर देकर कहा गया है कि वन विभाग की प्राथमिक जिमेदारी वनों की रक्षा करना, जैव विविधता का संरक्षण करना और पर्यावरण को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाना है। ऐसे में वन चौकी के भीतर बिना किसी ठोस कानूनी आधार और उचित नियमों के इस तरह की व्यावसायिक गतिविधियां चलना बेहद गंभीर विषय है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने डीएफ ओ से इस पूरे मामले की तत्काल और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक


पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## न्यायोचित मांग

*हिमालयी राज्यों का पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013-14 में केन्द्र से हिमालयी राज्यों को ग्रीन बोनस ऑक्सीजन सर्विसेज के रूप में देने की मांग की थी। दरअसल हिमालयी राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि जंगलों का आवरण बनाये रखें, लेकिन उसके लिए पर्वतीय राज्यों को प्रोत्साहन राशि की जरूरत है। भारत समेत कई देश जलवायु परिवर्तन का अभिशाप झेल रहे हैं, उसका सबसे अधिक नुकसान हिमालयी राज्यों को हो रहा है।*

वित्त आयोग से उत्तराखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने और ग्रीन बोनस की मांग की गई। हिमालयी राज्यों का पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013-14 में केन्द्र से हिमालयी राज्यों को ग्रीन बोनस ऑक्सीजन सर्विसेज के रूप में देने की मांग की थी। दरअसल हिमालयी राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि जंगलों का आवरण बनाये रखें, लेकिन उसके लिए पर्वतीय राज्यों को प्रोत्साहन राशि की जरूरत है। भारत समेत कई देश जलवायु परिवर्तन का अभिशाप झेल रहे हैं, उसका सबसे अधिक नुकसान हिमालयी राज्यों को हो रहा है। दिल्ली दुनिया में सबसे अधिक प्रदूषित महानगरों की सूची में शामिल है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण से सांस लेना दूभर हो गया है। हिमालयी राज्यों के जंगल वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखते हैं। पेड़ काटने की अनुमति नहीं होने से राज्य में विकास कार्य बाधित होते हैं। पर्वतीय क्षेत्र विकास से वंचित है। इसलिए इसकी भरपाई के लिए ग्रीन बोनस की मांग की जा रही है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त आयोग से उत्तराखंड की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए संवेदनशीलता गुणांक निर्धारित करने, अलग से आपदा प्रबंधन मंत्रालय गठित करने और क्षेत्रफल व जनसंख्या में असंतुलन को संतुलित करने के सुझाव दिये हैं। उत्तराखंड राज्य का गठन सीमावर्ती पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए किया गया था। राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। पर्वतीय क्षेत्र का विकास नहीं होने से पलायन और अधिक बढ़ गया है। पर्वतीय क्षेत्र के सैकड़ों गांव के सभी घरों में ताले लटके हुए हैं। रोजी-रोटी के साधन नहीं होने से सुदूर पर्वतीय क्षेत्र वीरान होता जा रहा है। पर्वतीय से लेकर भाबर क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। तराई में उद्योग स्थापित होने से कृषि क्षेत्र कम होता जा रहा है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर विशेष आर्थिक पैकेज के तहत तराई क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना की गई थी। देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर में उद्योग स्थापित होने से रोजगार का विकास हुआ। पर्वतीय क्षेत्र से लोग तराई में आने लगे। जिससे जनसंख्या घनत्व का संतुलन बिगड़ गया। पर्वतीय क्षेत्र में लघु और कुटीर उद्योग प्राकृतिक संसाधनों के अनुरूप स्थापित किये जाने चाहिएं, जिससे पर्वतीय क्षेत्र का विकास होगा। बागवानी को बढ़ावा मिलने से फलों का उत्पादन बढ़ेगा और फल संरक्षण के कुटीर उद्योग स्थापित होने से रोजगार मिलेगा।

# भाजपा नेता के घर हथियार समेत धावा बोलने वाले गिरफ्तार

**मामला 10 जून का,आरोपी पिस्टल छोड़ कर भाग गए थे, पुलिस ने मौके पर पहुंच हथियार कब्जे में लिया था**

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने 10 जून को आदर्श कॉलोनी निवासी भाजपा नेता के घर हथियारबंद बदमाशों को लेकर धावा बोलना और भयभीत करने के मुख्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने एक लोडेड पिस्टल भी बरामद की है। अभी अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक 10 जून को आदर्श कॉलोनी निवासी भाजपा नेता सतनाम सिंह के घर के सामने एसी पार्टस की बिक्री का संचालन करने वाले रमन कक्कड़ से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि रमन व उसके भाई रवि कक्कड ने फोन कर हथियारबंद बदमाशों को बुला लिया। कई गाड़ियों में आए बदमाशों ने भाजपा नेता के बेटे को ललकारते हुए धावा बोल दिया। इसी दौरान सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी पुलिस पहुंची। पुलिस ने खड़ी गाड़ियों की तलाशी ली, तो एक अभियुक्त 30 बोर का लोडेड पिस्टल फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने भाजपा नेता के बेटे की तहरीर पर मुकद मा दर्ज कर नामजद अभियुकों की सरगर्मी से तलाश तेज कर दी। पुलिस के मुताबिक 15 जून को मिली सूचना के आधार पर कोतवाल प्रकाश दानू के नेतृत्व में एसएसआई अनिल जोशी,आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी प्रदीप पंत,बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली,रम्पुरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार, शएसआई प्रियांशु जोशी, दिनेश खड़ायत,महेश पंचपाल, रघुनाथ गोस्वामी, प्रकाश भोजक आदि पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर गांव केशरपुर निवासी रमन कक्कड़ और गांव मजरा झंडी सकेलिया गदरपुर निवासी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। 30 बोर का पिस्टल और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।



### प्रकरण में फरार आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी

प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि भाजपा नेता के घर पर धावा बोलने के मामले में पुलिस जांच में यह पता चला है कि अभियुक्त रमन के साथ उस वक्त तीन लग्जरी गाड़ियों में हथियारबंद दोस्त भी थे और एक बडी वारदात को दे सकते थे। पुलिस ने मौके पर ही दुकान को सील कर दिया था। अभी प्रकरण में कई अभियुक्तों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

### पति पर बेटे को छीन कर घर ले जाने और मारपीट का आरोप

रुद्रपुर। एक महिला ने ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर पति पर बेटे को छीन कर घर ले जाना और बेटे को वापस करने की मांग पर मारपीट कर ईंट से हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी पर कार्रवाई की है। लवली पत्नी विशाल हाल निवासी बाजपुर दोराह, बाजपुर और मूल निवासी आजाद नगर ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में महिला ने पति पर आए दिन शराब पीकर गाली -गलौच कर लड़ाई झगड़ा करने का आरोप लगाया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम AAIRA VASUDEVA से बदलकर AYRA VASUDEVA रख लिया है। अत: भविष्य में मेरी पुत्री को AYRA VASUDEVA पुत्री श्री उमंग वासुदेवा नाम से जाना, पहचाना जाये। - **उमंग वासुदेवा**, 6/951 **राणा बिल्डिंग के सामने आनन्द बाग, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# तहसील दिवस:सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को दिए शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश

सितारगंज
हमारे संवाददाता



तहसील दिवस में उठी समस्याओं का अधिकारी सक्रिय व संजीदा होकर त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें, यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट सितारगंज में आयोजित तहसील दिवस में दिये।

उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को समय से निस्तारण करते हुये सीएम जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में प्रमाण पत्र, स ?क , बिजली, पानी, जल भराव,राशन कार्ड,आवास, सोलर लाईट,पेंशन आदि समेत 86 शिकायतें पंजीकृत हुई। 45 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सीडीओ ने एसडीएम को मौके का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। तहसील दिवस में बिजली,पीडब्ल्यूडी से संबंधित शिकायतों पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ ने तहसील दिवस में पहुंचे अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां दर्ज शिकायतों का मौके पर पहुंच निरीक्षण कर समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करने के बाद पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्या का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस में उठी जन समस्याओं का व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें।जो भी छोटी-छोटी समस्याएं आ रही है उन्हे अपने स्तर पर ही समाधान करें। तहसील दिवस में ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, अध्यक्ष नगर पालिका सुखदेव सिंह, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, जिला पंचायत सदस्य भास्कर सम्भल, गुरजीत सिंह, देबू मंडल, एसडीएम तुषार सैनी, सीओ बीएस धौनी, सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, सीईओ हरेन्द्र मिश्रा, तहसीलदार हिमांशु जोशी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार,ईई आनंद सिंह नेगी, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसके शर्मा, डीपीओ मुकुल चैधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## तमन्ना, विजय और फातिमा को साथ देखकर चौंके फैंस



*एक्टर विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया का कुछ समय पहले ब्रेकअप हो गया था। अब एक बार फिर उन्हें साथ देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया ने लगभग दो साल तक एक-दूसरे को डेट किया था। इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर मार्च 2025 में अलग होने का फैसला किया। अब ब्रेकअप के काफी समय बाद उनका, तमन्ना और फातिमा सना शेख का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विजय वर्मा, तमन्ना और फातिमा साथ में नजर आ रहे हैं। वीडियो में तमन्ना सूट पहने नजर आ रही हैं और काफी शांत स्वभाव के साथ दोनों एक्टर्स के साथ फोटो खिंचवाती नजर आईं। वहीं दूसरे सीन में तीनों एक्टर पैप्स के सामने पोज देते नजर आए। दरअसल, पहले विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया एक-दूसरे को डेट कर रहे थे लेकिन पिछले साल इनका ब्रेकअप हो गया। इस ब्रेकअप के बाद विजय वर्मा, फातिमा सना शेख के साथ कई जगहों पर नजर आए। ऐसे में इनकी लिंकअप की अटकलें लगने लगीं। लेकिन फातिमा और विजय वर्मा ने इन बातों को लेकर कुछ नहीं कहा, न ही अपना रिश्ता कंफर्म किया।*

### तमन्ना की जमकर तारीफ

*वीडियो सामने आने के बाद फैंस तमन्ना के शांत स्वभाव की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया- 'ब्रेकअप के बाद भी तमन्ना विजय का सम्मान करती हैं। ये देखकर काफी अच्छा लगा।' वहीं दूसरे ने कमेंट किया- 'रसपेक्ट फॉर तमन्ना, प्यार से बड़ा सम्मान होता है।' वहीं कुछ यूजर ने एक्टर्स के प्रोफेशल रहने की तारीफ की है।*

# बरसात शुरू होते ही बढ़े जोड़ों के दर्द और अर्थराइटिस के मरीज

नैनीताल
हमारे संवाददाता

**सेहत**

- बीडी पांडे अस्पताल में बढ़ी भीड़

पहाड़ों में बारिश की दस्तक के साथ ही जोड़ों के दर्द और अर्थराइटिस (गठिया) से परेशान मरीजों की संख्या बढने लगी है। नैनीताल के बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। विशेषकर बुजुर्गों और पहले से गठिया की समस्या से जूझ रहे लोगों को मौसम में बदलाव का असर अधिक महसूस हो रहा है।

अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नरेंद्र रावत ने बताया कि बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढने और तापमान में गिरावट आने से जोड़ों में अकडन, सूजन और दर्द की शिकायतें बढ़ जाती हैं। पिछले कुछ दिनों में ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अर्थराइटिस से पीड़ित मरीजों को सुबह के समय जोड़ों में जकडन, चलने फि रने में परेशानी तथा घुटनों, कमर और कंधों में दर्द की शिकायत अधिक रहती है। मौसम में नमी बढने से जोड़ों के आसपास की मांसपेशियों और ऊतकों पर प्रभाव पड़ता है जिससे दर्द की तीव्रता बढ़ सकती है।

डॉ. रावत ने सलाह दी कि बरसात के मौसम में लोग नियमित व्यायाम करें, शरीर को गर्म रखें, लंबे समय तक नमी वाले वातावरण में न रहें और चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवाइयों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि यदि जोड़ों का दर्द लगातार बढ़ रहा हो या सूजन की समस्या हो तो बिना देरी चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के दौरान सावधानी और नियमित देखभाल से जोड़ों के दर्द और अर्थराइटिस की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

News कॉर्नर

### हाईकोर्ट ने जारी किया वन महकमे के दो अफसरों को अवमानना नोटिस

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु तथा तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक (पीसीसीएफ) आर.के. मिश्रा को अवमानना का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि पूर्व के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं हुआ है। इस पर चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त की तिथि नियत की है।

### लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग: हाईकोर्ट में सुनवाई अब 6 हफ्ते बाद

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट में गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी द्वारा लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि सर्च कमेटी का गठन होने के बाद लोकायुक्त की नियुक्ति और उसके सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया में क्या प्रगति हुई 6 सप्ताह के भीतर कोर्ट को अवगत कराएं, साथ में कोर्ट ने लोकायुक्त कार्यालय के कार्यरत 9 कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने को भी कहा है क्योंकि कोर्ट के आदेश पर उनको वेतन का भुगतान नही किया जा रहा था। कोर्ट ने मंगलवार को अपने पूर्व के आदेश को संसोधित करते हुए यह निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

# नैनीताल में खाद्य तेल संरक्षण जन जागरूकता अभियान आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी एवं महिला मोर्चा के सहयोग से नैनीताल में खाद्य तेल संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

बता दें कार्यक्रम का मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली और महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कम तेल की थाली भारत की खुशहाली केवल एक नारा नहीं बल्कि स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प है। अभियान के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार अपनाने, खाद्य तेल के सीमित उपयोग तथा परिवार और समाज को स्वस्थ बनाने के लिए





जागरूक किया गया।इस अवसर पर महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि परिवार के स्वास्थ्य, पोषण और संस्कारों की मजबूत आधारशिला महिलाओं के हाथों में होती है। महिला शक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक और सफल बनाया।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमिता साह के नेतृत्व में महिला मोर्चा की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान विधायक सरिता आर्या समेत जिला उपाध्यक्ष कविता गंगोला समेत विमला अधिकारी, अलका जीना, सुमन माहुरी, चंपा नेगी, प्रभाती त्रिपाठी, रश्मि सिराला, मीरा बिष्ट, जयंती भट्ट, मीनू, दीपा चौधरी, मालती, गीता, रेनू सिराला, आदित्य, वैशाली, नीरू पुजारी, राधा खोलिया, शांति, रुचि भट्ट, किरण पंत एवं कंचन उप्रेती, प्रभाती, कविता, जयंती व जीवंती सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा तथा युवा मोर्चा महामंत्री युवराज सिंह करायत की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जमरानी बांध प्रभावितों का फूटा गुस्सा, पुनर्वास व रोजगार की मांग

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जमरानी बांध परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को लेकर हैड़ाखान क्षेत्र के तोक ब्युरा में हरीश पनेरु के नेतृत्व में एक बड़ी जनसभा आयोजित की गई। जनसभा में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर पुनर्वास, भूमि आवंटन और रोजगार के मुद्दे पर सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को एक-एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराने और उचित पुनर्वास की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी यह वादा धरातल पर नहीं उतर सका है। उन्होंने कहा कि सरकारी उदासीनता के चलते प्रभावित परिवार स्वयं को ठगा हुआ और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए हरीश पनेरु ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना से प्रभावित परिवारों के



साथ न्याय किया जाना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि एक माह के भीतर प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की दिशा में ठोस और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पनेरु ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रभावितों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्र की जनता के सहयोग से व्यापक और उग्र जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

जनसभा में मौजूद ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।

# रामनगर व अल्मोड़ा में वन्यजीवों के हमले में दो महिलाएं घायल

**रामनगर/अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

ग्राम चौपड़ा में घर के पीछे करीब 20 मीटर दूरी पर पानी भरने गई एक महिला पर बाघ ने हमला कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनते ही पास मौजूद अन्य महिलाओं ने हो-हल्ला कर बाघ को जंगल में खदेड़ दिया। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं।

ग्राम चौपड़ा निवासी उमा देवी (42) पत्नी भुवन चंद मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे तीन दूसरी महिलाओं के साथ घर से करीब 20 मीटर पर मौजूद पानी की टंकी से पानी भरने गई थी। इसी बीच झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उमा पर पीछे से हमला कर दिया। हमले के बाद अन्य महिलाओं ने शोर मचाया तो बाघ जंगल की ओर चला गया। इसके बाद परिजन महिला को लेकर रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे। महिला के गले, चेहरे और कमर आदि स्थानों पर हमले के निशान हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को पकड़ने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ अंकित बडोला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने महिला का हाल जानते हुए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### लंगूरों के हमले से ग्रामीणों में दहशत

**अल्मोड़ा।** क्षेत्र में जंगली जानवरों की बढ़ती दहशत के बीच अब लंगूरों ने भी ग्रामीणों पर हमला करना शुरू कर दिया है। सोमवार को चौखुटिया के वेतनधार गांव में तीन लंगूरों ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार वेतनधार गांव निवासी 62 वर्षीय देवकी देवी पत्नी प्रेम बल्लभ फुलारा सोमवार को अपने पशुओं को घास देने के लिए गोशाला की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान वहां बैठे तीन लंगूरों ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

# प्रवेश प्रक्रिया में लापरवाही पर कुमाऊं विश्वविद्यालय सख्त

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में महाविद्यालयों की उदासीनता को गंभीरता से लेते हुए 59 संबद्ध महाविद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

विश्वविद्यालय में आयोजित प्रवेश समिति की बैठक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रवेश, समर्थ पोर्टल पर पंजीकरणए विषयवार प्रवेश व्यवस्था, सीट निर्धारण, छात्र मार्गदर्शन तथा प्रवेश प्रक्रिया के प्रभावी संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में 59 महाविद्यालयों के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे जबकि 43 महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी सूचना अब तक विश्वविद्यालय को मुहैया नहीं कराई गई है।

कुलपति प्रो. रावत ने इस स्थिति पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हितों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया की सुचारु निगरानी एवं समन्वय के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में नोडल अधिकारी की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में सभी संबद्ध महाविद्यालयों को नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने एवं

**बैठक**

- 59 महाविद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

उनकी सूचना विश्वविद्यालय को उपलबध कराने हेतु निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अनेक महाविद्यालयों द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई जिससे प्रवेश प्रक्रिया के प्रभावी संचालन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका है। कुलपति प्रो रावत ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के मध्य समन्वय विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी प्रवेश सुविधा मुहैया कराने के लिए अनिवार्य है।

बैठक में अनुपस्थित रहना तथा विश्वविद्यालय के निर्देशों की अनदेखी करना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का परिचायक है।उन्होंने संबंधित महाविद्यालयों से तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं तथा चेतावनी दी है कि छात्र हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में उदासीनता एवं निर्देशों की अवहेलना भविष्य में भी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों से प्रवेश प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा विश्वविद्यालय के साथ सतत समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को तीन हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने टिहरी बांध परियोजना की मंजूरी से जुड़ी शर्त की धारा-12 का राज्य सरकार के द्वारा उलंघन करने के खिलाफ टेहरी प्रताप नगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी की जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषियों की 20 वर्ष की सजा बरकरार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी में वर्ष 2017 में हुए चर्चित सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोष सिद्ध अभियुक्तों को बड़ी राहत देने से इनकार करते हुए उनकी अपीलें खारिज कर दी हैं।

बता दें न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने सत्र न्यायालय उत्तरकाशी द्वारा सुनाई गई सजा को सही ठहराते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में सफल रहा है।मामले में अभियुक्त मनीष अवस्थी, आशीष बिजल्वाण और अजय भट्ट को सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) के अपराध में दोषी ठहराते हुए दी गई 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा को बरकरार रखा गया। अभियुक्तों ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि उनके विरुद्ध कोई स्वतंत्र प्रत्यक्षदर्शी, सीसीटीवी फुटेज, इलेट्रॉनिक अथवा वैज्ञानिक साक्ष्य मुहैया नहीं हैं तथा पीड़िता के बयान में विरोधाभास हैं इसलिए उन्हें दोषमुक्त किया जाना चाहिए।खंडपीठ ने कहा कि दुष्कर्म के मामलों में पीड़िता का विश्वसनीय और भरोसेमंद बयान अपने आप में पर्याप्त साक्ष्य हो सकता है। न्यायालय ने पाया कि पीड़िता ने घटना का क्रमबद्ध और स्पष्ट विवरण दिया है जिसे उसके मित्र, अन्य गवाहों तथा घटनास्थल के साक्ष्यों से पर्याप्त समर्थन मिलता है। केवल चिकित्सकीय रिपोर्ट में चोटों या वीर्य के निशान न मिलने से अभियोजन का मामला कमजोर नहीं हो जाता।

न्यायालय ने यह भी माना कि घटना के समय पीड़िता भयभीत थी और बाद में उसने स्नान भी कर लिया था। इसके अतिरिक्त वह उस समय मासिक धर्म की अवस्था में थी। ऐसे में चिकित्सकीय और फोरेंसिक साक्ष्यों का अभाव घटना को असत्य साबित करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं माना जा सकता।

# वैज्ञानिक अनुसंधान का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए: राज्यपाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई मुक्तेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में मुखय अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विज्ञान और अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक उपलबधियों का लाभ तभी सार्थक है जब वह किसानोंए



पशुपालकों और ग्रामीण समुदायों तक पहुंचे। कहा कि आईवीआरआई मुक्तेश्वर केवल एक अनुसंधान संस्थान नहीं बल्कि विज्ञानए सेवा और राष्टनिर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने संस्थान की गौरवशाली वैज्ञानिक परंपरा तथा पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, जैव सुरक्षा एवं पशुधन विकास के क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। कहा कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा विशेष रूप से महिलाओं की आजीविका और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार है।

उन्होंने वैज्ञानिकों से लैब टू लैंड की अवधारणा को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अनुसंधान का लाभ दूरस्थ गांवों और सीमांत पशुपालकों तक पहुंचना चाहिए।उन्होंने आईवीआरआई से युवाओं को वैज्ञानिक प्रशिक्षणए तकनीकी मार्गदर्शन एवं उद्यमिता से जोडने के लिए विशेष पहल करने का आग्रह किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्यपाल ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं प्राकृतिक कोल्ड स्टोरेज कक्ष का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्ट, संयुक्त निदेशक डॉ. एस के सिंह, डॉ. शेर सिंह सहित संस्थान के अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे।